# केन्द्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग
## Kendriya Vidyalaya Sangathan , Jaipur Region
## सत्रांत परीक्षा 2025-26
## Session Ending Examination 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा – सातवीं** | **विषय – हिन्दी** | **सेट- प्रतिदर्श** |
| **Class-7** | **Subject-Hindi** | **Set-Sample** |
| **अधिकतम अंक-60** | | **अवधि 2:30घंटें** |
| **Max.Marks-60** | | **Duration2:30hrs** |

**दिशा-निर्देश :** निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल 9 प्रश्न है।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
- यथा संभव सभी खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

| | **खंड – क (अपठित बोध) अंक – 10** | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**<br><br>भारतीय दर्शन सिखाता है कि जीवन का एक आशय और लक्ष्य है। उस आशय की खोज हमारा दायित्व है और अंत में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लेना हमारा विशेष अधिकार है। इस प्रकार दर्शन जो कि आशय को उद्घाटित करने की कोशिश करता है और जहां तक उसे इसमें सफलता मिलती है, वह इस लक्ष्य तक अग्रसर होने की प्रक्रिया है। कुल मिलाकर आखिर यह लक्ष्य क्या है? इस अर्थ में यथार्थ में दर्शन के अनुसार लक्ष्य की प्राप्ति वह है, जिसमें लक्ष्य पा लेना या उसके विषय में केवल जानना नहीं है बल्कि उसी का अंश हो जाना है। इस उपलब्धि में बाधा क्या है ? बाधाएं कई हैं पर इनमें प्रमुख है अज्ञान। अशिक्षित आत्मा नहीं है, यहां तक कि यथार्थ संसार भी नहीं है। यह दर्शन ही है जो उसे शिक्षित करता है और अपने अज्ञान से उसे मुक्ति दिलाता है। इस प्रकार एक दार्शनिक होना एक बौद्धिक अनुगमन करना नहीं है, बल्कि एक शक्तिप्रद अनुशासन पर चलना है क्योंकि सत्य की खोज में लगे हुए सही दार्शनिक को अपने जीवन को इस प्रकार आचरित करना पड़ता है ताकि उस का उस यथार्थ से एकाकार हो जाए जिसे वह खोज रहा है। वास्तव में यही जीवन का सही मार्ग है। सभी दार्शनिकों को इसका पालन करना होता है। दार्शनिक ही नहीं हम मनुष्यों को भी इसी मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। | **1x5=5** |

**(क) भारतीय दर्शन सिखाता है कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**(अ) जीवन का एक लक्ष्य और उद्देश्य है**

**(ब) लक्ष्य की खोज करना हमारा कर्तव्य है**

**(स) अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेना हमारा अधिकार है**

**(द) सत्य की खोज में लगे रहना**

**i)** कथन (अ) एवं (ब) सही है।
**ii)** कथन (ब) एवं (स) सही है।
**iii)** कथन (अ), (ब) एवं (स) सही है।
**iv)** कथन (अ), (ब), (स) एवं (द) सही है।

**(ख) भारतीय दर्शन के अनुसार लक्ष्य की प्राप्ति होने का क्या अभिप्राय है?**

i) लक्ष्य के विषय में जानना ii) लक्ष्य को पा लेना

iii) लक्ष्य का ही अंश हो जाना iv) इनमें से कोई नहीं

**(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) - दार्शनिक होना, एक शक्तिप्रद अनुशासन पर चलना है।**

**कारण (R) - दार्शनिक अपने जीवन को यथार्थ से एकाकार करता है ।**

i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।

**(घ ) दर्शन के अनुसार लक्ष्य की प्राप्ति क्या है- -----**

(i) धन कमा लेना (ii) प्रसिद्धि प्राप्त करना

(iii) लक्ष्य पा लेना या उसके विषय में केवल जानना नहीं है बल्कि उसी का अंश हो जाना है। (iv) इनमें से कोई नहीं

**(ङ.) लक्ष्य प्राप्ति में प्रमुख बाधा क्या है?**

(i) लालच (ii) अज्ञान (iii) साहसी होना (iv) इनमें से कोई नहीं

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**<br><br>जब बचपन तुम्हारी गोद में आने से कतराने लगे,<br>जब माँ की कोख से झांकती जिंदगी, बाहर आने से घबराने लगे,<br>समझो कुछ गलत है।<br>जब तलवारे फूलों पर, जोर आजमाने लगें<br>जब मासूम आंखों में, खौफ नजर आने लगे<br>समझो कुछ गलत है।<br>जब किलकारियां सहम जाएं<br>जब तोतली बोलियां, खामोश हो जाए समझो<br>कुछ नहीं, बहुत कुछ गलत है<br>क्योंकि जोर से बारिश होनी चाहिए थी,<br>पूरी दुनिया में, हर जगह, टपकने चाहिए थे आंसू,<br>रोना चाहिए था ऊपर वाले को, आसमां से फूट-फूट कर<br>शर्म से झुक जानी चाहिए थी, इंसानी सभ्यता की गर्दनें<br>शोक का नहीं, सोच का वक्त है, मातम नहीं, सवालों का वक्त है<br>अगर इसके बाद भी सर उठाकर, खड़ा हो सकता है इंसान<br>समझो कि बहुत कुछ गलत है।<br><br>**(क) मां की कोख से झांकती जिंदगी को घबराहट क्यों हो सकती है? सही विकल्प चुनिए- कथन**<br>**(अ) उसे बाहर की असुरक्षा का आभास हो रहा है।**<br>**(ब) उसे प्रदूषण का डर सता रहा है।**<br>**(स) उसे मां ने बाहर की वास्तविकता बताई है**<br>**(द) बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है**<br>**i)** कथन (अ) सही है। **ii)** कथन (अ) एवं (ब) सही है।<br>**iii)** कथन (अ), (ब) एवं (स) सही है। **iv)** कथन (स) एवं (द) सही है। | 1x5=5 |

**(ख) कुछ भी गलत नहीं है, यदि-**

i) बचपन गोद में आने लगे।    ii) बच्चों पर अत्याचार होने लगे।

iii) बाल श्रम बढ़ जाए।    iv) भ्रूण हत्या होने लगे।

**(ग) कवि इस कविता के माध्यम से कहना चाहते हैं,अभी वक्त है कि-**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-** कथन

**(अ) सोच-विचार किया जाए (ब) दुख मनाया जाए (स) सवाल किया जाए (द) खामोश रहा जाए**

i) कथन (अ)एवं(स) सही है ii) कथन (अ) एवं (द) सही है

iii) कथन (ब) एवं(स)सही है iv) कथन (अ) एवं (ब) सही है

**(घ) 'जब तलवारे फूलों पर जोर आजमाने लगे, जब मासूम आंखों में खौफ नजर आने लगे।' से क्या तात्पर्य है?**

(i) बच्चों पर अत्याचार होने लगे।    (ii) बचपन गोद में आने लगे।

(iii) साहसी होना    (iv) इनमें से कोई नहीं

**(ड.) कवि के अनुसार बहुत गलत कब है?**

(i) बच्चों पर अत्याचार होने लगे।    (ii) बाल श्रम बढ़ जाए।

(iii) भ्रूण हत्या होने लगे।    (iv) सभी गलत है

## खंड – ख (व्याकरण) अंक – 10

**प्रश्न 3** **निर्देशानुसार हल करें –** **2x5 =10**

**(क) निम्नलिखितमें से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए –**
**आकाश ,पानी ,बादल ,हवा**

**(ख) उपसर्ग-प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर सही उत्तर लिखिए – (कोई-2)**

| शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|
| (i) मार्मिक | | मर्म | ? |
| (ii) अदृश्य | ? | दृश्य | |
| (iii) मित्रता | | मित्र | ? |

(ग) **नीचे दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें –** **(कोई-2)**

(i) सुरेश , भागना , पहाड़ , फूल (**क्रिया शब्द** पृथक कीजिए ।)
(ii) मिठास , पिता , लड़की , अध्यापक (**भाव** वाले शब्द पहचानिए ।)
(iii) पुष्प , कुसुम , प्रसून, नेत्र (**भिन्न** को पृथक करें ।)

**(घ) स्तंभ – I में दिए गए विशेषण शब्दों को स्तंभ – II में दिए गए उचित विशेष्य शब्दों से मिलाइए –**

| स्तंभ – I **(विशेषण)** | स्तंभ – II **(विशेष्य)** |
|---|---|
| (i) हरी-भरी | (अ) फूल |
| (ii) सुन्दर | (ब) घास |
| (iii) स्वादिष्ट | (स) डालियाँ |
| (iv) मखमली | (द) मिठाई |

(ङ) **नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो अन्य अर्थ लिखिए-**
**(i) मन (ii) मंगल (iii) फल (iv) अर्थ**

## खंड – ग (पठित बोध) अंक – 26

**प्रश्न 4** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **1x5= 5**

गाना, बजाना और नाचना –ये तीनों संगीत का हिस्सा है I संगीत में लय होती है I उसका ज्ञान आवश्यक है I नृत्य में शरीर ,ध्यान और तपस्या का साधन होता है I नृत्य करना एक तरह से अदृश्य शक्ति को निमंत्रण देना है –कृष्ण ,मेरे अन्दर समाओ और नाचों I नृत्य ही नहीं , हमारी हर गतिविधि में लय होती है I घसियारा घास को हाथ से पकड़कर उस पर हँसिया मारता है और फिर घास हटाता है I मारने और हटाने की इस लय में जरा भी गड़बड़ी हुई नहीं कि उसका हाथ गया I लय हर काम में ,नृत्य में ,जीवन में संतुलन बनाए रखती है I लय एक तरह का आवरण है,जो नृत्य को सुन्दरता प्रदान करती है I अगर नर्तक को सुर-ताल की समझ है तो वह जान पाएगा कि यह लहरा ठीक नहीं है I इसके माध्यम से नृत्य अंगों में प्रवेश नहीं करेगा I

**(क) निम्न में से क्या संगीत का हिस्सा है ?**
(i) खेलना (ii) नाचना
(iii) घास काटना (iv) घूमना

**(ख) घसियारा किससे घास काटता हैं ?**
(i) चाकू से (ii) कुदाल से (iii) फावड़े से (iv) हँसियाँ से

| | | |
|---|---|---|
| | **(ग) नृत्य करना क्या है ?**<br>(i) मनोरंजन (ii) समय पास<br>(iii) अदृश्य शक्ति को निमंत्रण (iv) धन कमाना<br><br>**(घ) यदि लहरा ठीक ना हो तो -----**<br>(i) नृत्य रूक जाएगा (ii) नृत्य अंगों में प्रवेश नहीं करेगा<br>(iii) नृत्य में मनोरंजन नहीं होगा (iv) नृत्य उदासी भरा होगा<br><br>**(ड.) कथन : लय हर काम में , नृत्य में, जीवन में संतुलन बनाए रखती है ।**<br>**कारण : लय एक तरह का आवरण है,जो नृत्य को सुन्दरता प्रदान करती है ।**<br>(i) कथन सही कारण गलत (ii) कारण सही कथन गलत<br>(iii)कथन और कारण दोनों सही (iv)कथन और कारण दोनों गलत | |
| **प्रश्न 5** | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**<br>सब मिल-जुल कर रहते है वे, सब मिल-जुल कर खाते है .,<br>आसमान ही उनका घर है. , जहाँ चाहते , जाते है ।<br>रहते जहाँ , वहाँ वे अपनी ,दुनिया एक बसाते हैं ,<br>दिन भर करते काम, रात में पेड़ों पर सो जाते हैं ।<br>उनके मन में लोभ नहीं हैं ,पाप नहीं परवाह नहीं ,<br>जग का सारा माल हड़पकर ,जाने की भी चाह नहीं ।<br>जो मिलता हैं अपने श्रम से,उतना भर ले लेते है ,<br>बच जाता जो, औरों के हित ,उसे छोड़ वे देते हैं ।<br><br>**(क) पक्षियों के मन में क्या नहीं होता हैं ?**<br>**(ख) पक्षी क्या खाते हैं-?**<br>**(ग) रात में पक्षी कहाँ सोते हैं ?**<br>**(घ) पक्षियों में कौनसी भावना अधिक पाई जाती हैं ?**<br>**(ड.) पक्षी के समानार्थक शब्द लिखिए।** | **1 x 5 =5** |
| **प्रश्न 6** | **निम्नलिखित गद्य एवं पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से 8 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए –**<br>(क) जब बच्चा बीमार पड़ने का बहाना बनाकर बिस्तर पर लेटा रहा तो उसके मन में कौन–कौन से भाव आ रहे थे ?<br>(ख) कहानी के अंत में बच्चे को महसूस हुआ कि उसे स्कूल जाना चाहिए था । क्या आपको लगता है कि उसका निर्णय सही था ? क्यों ?<br>(ग) गिरिधर कविराय की कुंडलियाँ आपको कैसे प्रेरित करती है ?<br>(घ) वर्षा के समय आपके क्षेत्र में क्या-क्या परिवर्तन आते है ? | **2x8 =16** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ङ) वर्षा ऋतु में आपको क्या-क्या करना अच्छा लगता है और क्या –क्या नहीं कर पाते हैं ?<br>(च) बिरजू महाराज ने बच्चों की शिक्षा और रुचियों के बारें में अभिभावकों से क्या कहा है ?<br>(छ) "चिड़िया" कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने मनुष्य को बंदी क्यों बताया है ?<br>(ज) मीराबाई ने श्रीकृष्ण की सुन्दरता का किस प्रकार वर्णन किया है ?<br>(झ) सावन के महीने में हमारे देश में कौन-कौन से त्योहार मनाएंजाते हैं? | |
| | **खंड – घ (रचनात्मक लेखन) अंक – 14** | |
| प्रश्न 7 | **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए**<br>**क. अनुशासन का महत्त्व**<br>**संकेत बिंदु :** • अनुशासन का अर्थ • अनुशासन का महत्त्व • विद्यार्थी जीवन में अनिवार्यता .सफलता का मूलमंत्र<br>**ख. विद्यार्थी और मोबाइल**<br>**संकेत बिंदु :** • वर्तमान में मोबाइल का प्रयोग • विद्यार्थी जीवन में मोबाइल • मोबाइल के लाभ . मोबाइल के दुष्परिणाम<br>**ग. वृक्षों का महत्व**<br>**संकेत बिंदु :** •वृक्षों से लाभ •वृक्ष काटने के दुष्परिणाम•वृक्षारोपण की आवश्यकता | **5x1=5** |
| प्रश्न 8 | **अपने विद्यालय के प्राचार्य को बड़े भाई की शादी में शामिल होने के कारण तीन दिवस के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। अथवा**<br>**अपने छोटे भाई/बहन को पढाई के महत्त्व के बारें में सलाह देते हुए पत्र लिखिए ।** | **5x1=5** |
| प्रश्न 9 | **पिता व पुत्र/पुत्री के बीच 'समय का महत्त्व' विषय एवं निम्नलिखित संकेत-बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए संवाद लिखिए-**<br>**संकेत बिंदु :** •समय अनमोल है •बीता समय लौटता नहीं •समय पर कार्य करने से लाभ<br>**अथवा**<br>**आपके विद्यालय में बाल-मेला लगने वाला है ,इसकी सूचना विद्यार्थियों को देते हुए सूचना-पट्ट पर सूचना लिखिए** | **4x1=4** |

**********समाप्त ***************